भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **1407**
सोमवार, 1 जुलाई, 2019/10 आषाढ़, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

इको पर्यटन हेतु योजनाएं

**1407.** श्री रामचरण बोहराः
श्री जनार्दन मिश्रः
श्री हेमन्त तुकाराम गोडसेः
श्री डी॰के॰ सुरेशः
श्री मनोज तिवारीः
श्री रेबती त्रीपुराः
डॉ॰ विजय कुमार दुबेः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास देश में इको पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई प्रस्ताव/स्वीकृत परियोजना है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त परियोजनाओं की स्थिति का ब्यौरा क्या है तथा मध्य प्रदेश, दिल्ली/राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, उत्तर प्रदेश एवं उत्तर पूर्वी राज्यों सहित विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में इको पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए है;

(ग) क्या सरकार के पास इको पर्यटन को लोकप्रिय बनाने के लिए इको पर्यटन क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान करने की कोई योजना है तथा क्या सरकार ने देश के दूरस्थ, पहाड़ी एवं पिछड़े इलाकों में मानव संसाधनों के विकास हेतु कोई विशेष प्रयास किया है;

(घ) इस संबंध में गत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को कितनी केन्द्रीय वित्त सहायता जारी की गई है तथा इस संबंध में वास्तविक रूप में खर्च की गई राशि का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तथा वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार को इको पर्यटन के विकास और प्रोत्साहन हेतु विभिन्न राज्य सरकारों से प्रस्ताव प्राप्त हुए है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त प्रत्येक प्रस्तावों की गत तीन वर्षो के दौरान इनसे सृजित रोजगार एवं राजस्व का ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार देश के पहाड़ी क्षेत्रों में पर्यटन स्थलों की संख्या में वृद्धि करने हेतु और परियोजनाएं शुरू करने के लिए वन भूमि प्रदान करने पर विचार कर रही है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (च): पर्यटन मंत्रालय ने इको परिपथ को स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत विकास हेतु प्रंद्रह थीमेटिक परिपथों में से एक के रूप में अभिज्ञात किया है ।

इस योजना के अंतर्गत विकास हेतु परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन और पूर्व में जारी निधियों की उपयोगिता की शर्त पर उन्हें स्वीकृति दी जाती है । राज्य सरकारों द्वारा परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत करना और उन्हें स्वीकृति देना एक सतत प्रक्रिया है । योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार स्वीकृति दिए जाने के समय राज्य सरकारों द्वारा परियोजनाओं के लिए संभावित रोजगार सृजन का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है । योजना के अंतर्गत परियोजनाएं कार्यान्वयन/समाप्ति के विभिन्न चरणों में हैं और सृजित रोजगार का ब्यौरा परियोजना की समाप्ति तथा प्रचालनीकरण के बाद ही तैयार किया जा सकता है । इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिलने और पर्यटक आगमन में वृद्धि होने की आशा है जिसके परिणामस्वरूप पर्यटन क्षेत्र में राजस्व तथा रोजगार में वृद्धि करने में सहायता मिलेगी ।

इको परिपथ सहित इस योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं तथा किए गए व्यय का विवरण अनुबंध में दिया गया है ।

यह मंत्रालय पहाड़ी तथा पिछड़े इलाकों सहित देश में पर्यटक विशिष्ट सेवा मानकों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सेवाप्रदाताओं हेतु क्षमता निर्माण की अपनी योजना के अंतर्गत पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र में मौजूदा सेवा प्रदाताओं के लिए परिचय/जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करता है । प्रकृति-विदों तथा पर्यावरण गाइडों के प्रशिक्षण को इस कार्यक्रम के तहत एक फील्ड के रूप में शामिल किया गया है।

यह मंत्रालय इको पर्यटन सहित देश के विभिन्न पर्यटन उत्पादों और गंतव्य के संवर्धन हेतु घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनेक संवर्धनात्मक कार्यकलाप करता है । अपने विपणन/संवर्धनात्क कार्यकलापों के एक भाग के रूप में यह मंत्रालय 'अतुल्य भारत' ब्रांड लाइन के तहत अंग्रेजी तथा विदेशी भाषाओं में प्रचार सामग्री एवं कॉलेटरल्स तैयार करता है और विदेशों तथा देश के भीतर महत्वपूर्ण एवं संभावित बाजारों में वार्षिक रूप से प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है । मंत्रालय की वेबसाइट तथा सोशल मीडिया अकाउंट्स के माध्यम से भी संवर्धन कार्य किया जाता है ।

इस योजना के अंतर्गत परियोजनाओं को स्वीकृति भूमि की उपलब्धता के संबंध में राज्य सरकारों द्वारा वचनबद्धता प्रस्तुत किए जाने के बाद ही दी जाती है ।

*******

अनुबंध

इको पर्यटन हेतु योजनाएं के संबंध में दिनांक 01.07.2019 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. **1407** के भाग (क) से (च) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत इको परिपथ सहित स्वीकृत परियोजनाएं तथा किए गए व्यय

**(करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | परिपथ का नाम | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | निर्मुक्त राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष **2014-15** | | | | | |
| **1.** | अरूणाचल प्रदेश | पूर्वोत्तर परिपथ | अरूणाचल प्रदेश में भालुकपोंग-बोमडिला और तवांग में मेगा परिपथ का विकास | **49.77** | **39.81** |
| **2.** | आंध्र प्रदेश | तटवर्ती परिपथ | आंध्र प्रदेश में विश्व स्तरीय तटवर्ती एवं ईको पर्यटन परिपथ के रूप में काकीनाडा होप आईलैंड कोनासीमा का विकास | **67.84** | **64.44** |
| | | | **2014-15** का कुल | **117.61** | **104.25** |
| वर्ष **2015-16** | | | | | |
| **3.** | मणिपुर | पूर्वोत्तर परिपथ | मणिपुर में पर्यटक परिपथ का विकास : इम्फाल- खोंजोम | **72.23** | **61.32** |
| **4.** | सिक्किम | पूर्वोत्तर परिपथ | सिक्किम में रांग्पों (प्रवेश)- रोराथांग-अरितर-फाडमचेन- नाथंग- शेराथांग-त्सोंग्मो–गंगटोक-फोडोंग- मंगन- लाचुंग-युमथांग-लाचेन-थांगू-गुरूदोंगमेर- मंगन-गंगटोक- तुमिन लिंगी-सिंगतम (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास। | **98.05** | **78.44** |
| **5.** | उत्तराखण्ड | इको परिपथ | नए गंतव्य के रूप में उत्तराखण्ड, जिला टिहरी में टिहरी झील और आसपास के विकास के लिए इको-पर्यटन, रोमांचकारी क्रीड़ा, पर्यटन से जुड़ी अवसंरचना का एकीकृत विकास | **70.92** | **64.30** |
| **6.** | राजस्थान | मरूस्थल परिपथ | मरूस्थल परिपथ के अंतर्गत राजस्थान में साम्भर लेक टाउन एवं अन्य गंतव्यों का विकास | **63.96** | **51.17** |
| **7.** | नागालैंड | जनजातीय परिपथ | जनजातीय परिपथ पेरेन-कोहिमा-वोखा, नागालैंड का विकास | **97.36** | **77.89** |
| **8.** | मध्य प्रदेश | वन्यजीव परिपथ | मध्य प्रदेश में पन्ना-मुकुन्दपुर- संजय-डुबरी-बांधवगढ़-कान्हा-मुक्की-पेन्च में | **92.22** | **73.78** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | वन्यजीव परिपथ का विकास | | |
| **9.** | आंध्र प्रदेश | तटवर्ती परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश में श्री पोट्टी श्रीरामलू नेल्लोर में तटवर्ती पर्यटन परिपथ का विकास | **59.70** | **47.76** |
| **10.** | तेलंगाना | इको परिपथ | तेलंगाना के जिला महबूबनगर में ईको पर्यटन परिपथ का एकीकृत विकास | **91.62** | **73.30** |
| **11.** | केरल | इको परिपथ | केरल के इडुकी और पथनमथिट्टा जिलों में पथनमथिट्टा- गावी- वागमोन- थेक्काडी का ईको पर्यटन परिपथ के रूप में विकास | **76.55** | **61.24** |
| **12.** | मिजोरम | पूर्वोत्तर परिपथ | थेंजावल एवं साउथ जोट, जिला सेरचिप और रेइक, मिजोरम में स्वदेश दर्शन पूर्वोत्तर परिपथ के अंतर्गत नए इको-पर्यटन का एकीकृत विकास | **94.91** | **75.92** |
| **13.** | असम | वन्य जीव परिपथ | असम में वन्य जीव परिपथ के रूप में मानस- प्रोबितोरा- नामेरी- काजीरंगा- डिब्रू-सेखोवा का विकास | **95.67** | **76.54** |
| **14.** | पुदुच्चेरी | तटवर्ती परिपथ | 'स्वदेश दर्शन' स्कीम के अंतर्गत पर्यटक परिपथ के रूप में पुदुच्चेरी संघ राज्य क्षेत्र का विकास (तटवर्ती परिपथ) | **85.28** | **61.82** |
| **15.** | अरूणाचल प्रदेश | पूर्वोत्तर परिपथ | अरूणाचल प्रदेश में नए रोमांचकारी पर्यटन का एकीकृत विकास | **97.14** | **77.71** |
| **16.** | त्रिपुरा | पूर्वोत्तर परिपथ | त्रिपुरा में: अगरतला- सिपाहिजला- मेलाघर-उदयपुर-अमरपुर- तीर्थमुख- मंदिरघाट- दुम्बूर-नरिकेलकुंज-गंडाचरा- अम्बासा पूर्वोत्तर परिपथ का विकास | **99.59** | **74.15** |
| **17.** | पश्चिम बंगाल | तटवर्ती परिपथ | पश्चिम बंगाल में समुद्रतट परिपथ : उदयपुर-दीघा-शंकरपुर- ताजपुर- मंदारमणि- फ्रेजरगंज-बक्खलई-हेनरी द्वीप का विकास | **85.39** | **61.96** |
| **18.** | छत्तीसगढ़ | जनजातीय परिपथ | छत्तीसगढ़ में जशपुर- कुंकुरी- मैनपत- अंबिकापुर- महेशपुर- रतनपुर- कुरदार- सरोदादादर-गंगरेल- कोंडागांव- नथया नावगांव-जगदलपुर- चित्रकूट- तीर्थगढ़ में जनजातीय पर्यटन परिपथ का विकास | **99.21** | **73.29** |
| **19.** | महाराष्ट्र | तटवर्ती परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र में सिंधुदुर्ग तटवर्ती परिपथ का विकास | **82.17** | **12.79** |
| | | | **2015-16** का कुल | **1461.97** | **1103.38** |
| वर्ष **2016-17** | | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **20.** | गोवा | तटवर्ती परिपथ | गोवा में तटवर्ती परिपथ (सिंक्वेरियम-बागा-अंजुना-वेगेटर-मोरजिम-केरी-अगौदा किला और अगौदा जेल) का विकास। | **99.99** | **79.99** |
| **21.** | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ | जम्मू और कश्मीर राज्य में पर्यटन अवसंरचना परियोजनाओं का एकीकृत विकास | **82.97** | **41.48** |
| **22.** | तेलंगाना | जनजातीय परिपथ | तेलंगाना में मुलुगु- लकनावरम-मेदावरम-तडवई-दमारवी-मल्लूर-बोगाथा जलप्रपात का जनजातीय परिपथ के रूप में एकीकृत विकास | **83.88** | **65.27** |
| **23.** | मेघालय | पूर्वोत्तर परिपथ | उमियम (लेक-व्यू) यूलुम-सोहपेटबनेंग-मावडियांगडियांग - आर्किड लेक रिजार्ट, मेघालय का विकास | **99.13** | **79.31** |
| **24.** | मध्य प्रदेश | बौद्ध परिपथ | मध्य प्रदेश में सांची-सतना-रीवा-मंदसौर-धार में बौद्ध परिपथ का विकास | **74.94** | **54.51** |
| **25.** | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | पथनमथिट्टा जिला, केरल में आध्यात्मिक परिपथ के रूप में सबरीमाला-एरूमेलि-पम्पा-सन्नीधानम का विकास | **99.99** | **20.00** |
| **26.** | मणिपुर | आध्यात्मिक परिपथ | आध्यात्मिक परिपथ - श्रीगोविंदजी मंदिर- श्रीबिजय गोविंदजी मंदिर-श्रीगोपीनाथ मंदिर- श्रीबंगशीबोदन मंदिर- श्रीकैना मंदिर, मणिपुर का विकास | **53.80** | **40.14** |
| **27.** | गुजरात | विरासत परिपथ | गुजरात में अहमदाबाद-राजकोट-पोरबंदर-बारदोली-दांडी में विरासत परिपथ का विकास | **85.01** | **42.13** |
| **28.** | हरियाणा | कृष्णा परिपथ | कुरूक्षेत्र, हरियाणा में महाभारत से संबंधित स्थानों में पर्यटन अवसंरचना विकास | **97.35** | **70.60** |
| **29.** | राजस्थान | कृष्णा परिपथ | राजस्थान में गोविन्द देव जी मंदिर (जयपुर), खाटूश्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का एकीकृत विकास | **91.45** | **45.72** |
| **30.** | सिक्किम | पूर्वोत्तर परिपथ | सिक्किम में सिंगतम-माका-तेमी-बेरमोइक तोकल- फोंगिया- नामची-जोरथांग- ओकारे-सोमबारिया-दरमदीन-जोरेथांग- मेली (निकास) को जोड़ने | **95.32** | **73.22** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | वाले पर्यटक परिपथ विकास | | |
| **31.** | मध्य प्रदेश | विरासत परिपथ | विरासत परिपथ का विकास (ग्वालियर -ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडु) मध्य प्रदेश का विकास | **92.97** | **57.06** |
| **32.** | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | केरल में आध्यात्मिक परिपथ के रूप में श्री पदमनाभ अरनामुला - सबरीमाला का विकास | **92.22** | **72.42** |
| **33.** | बिहार | तीर्थंकर परिपथ | बिहार में तीर्थंकर परिपथ के : वैशाली-आरा-मसाद-पटना-राजगीर-पावापुरी-चंपापुरी का विकास | **52.39** | **26.19** |
| **34.** | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ | बिहार में आध्यात्मिक परिपथ के अंतर्गत कांवड़िया रूट, सुल्तानगंज-धर्मशाला - देवघर का एकीकृत विकास | **52.35** | **26.17** |
| **35.** | ओडिशा | तटवर्ती परिपथ | ओडिशा में तटवर्ती परिपथ के रूप में गोपालपुर, बारकुल, सतपदा और तंपारा का विकास | **76.49** | **37.61** |
| **36.** | नागालैंड | जनजातीय परिपथ | नागालैंड में जनजातीय परिपथ का विकास (मोकोकचुंग-तुएनसांग-मोन) | **99.67** | **78.09** |
| **37.** | उत्तराखंड | विरासत परिपथ | उत्तराखंड में कुमाऊं क्षेत्र में कटारमल-जोगेश्वर-बैजनाथ-देवीधुरा विरासत परिपथ का एकीकृत विकास | **79.13** | **40.97** |
| **38.** | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | जम्मू एवं कश्मीर में हिमालयन परिपथ थीम के तहत जम्मू-राजौरी-शोपियान-पुलवामा में पर्यटक सुविधाओं का एकीकृत विकास | **96.38** | **48.19** |
| **39.** | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | जम्मू -कश्मीर के लिए प्रधानमंत्री विकास पैकेज के तहत **2014** में आई बाढ़ में हुई तबाही के एवज में परिसंपत्तियों के निर्माण के तहत पर्यटन सुविधाओं का एकीकृत विकास | **90.96** | **74.70** |
| **40.** | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | जम्मू एवं कश्मीर में हिमालयन परिपथ थीम के तहत मंतालाई-सुधमहादेव-पटनीटॉप में पर्यटक सुविधाओं का एकीकृत विकास | **97.82** | **44.52** |
| **41.** | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | जम्मू एवं कश्मीर में हिमालयन परिपथ थीम के तहत अनंतनाग-किश्तवार-पहलगाम-दकसुम-रंजीत सागर बांध पर पर्यटक सुविधाओं का एकीकृत विकास | **96.39** | **48.19** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **42.** | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | जम्मू एवं कश्मीर में हिमालयन परिपथ थीम के तहत गुलमर्ग-बारामुला-कुपवाड़ा-लेह परिपथ पर पर्यटक सुविधाओं का एकीकृत विकास | **96.93** | **45.51** |
| **43.** | उत्तर प्रदेश | बौद्ध परिपथ | उत्तर प्रदेश में श्रावस्ती, कुशीनगर एवं कपिलवस्तु में बौद्ध परिपथ का विकास | **99.97** | **45.03** |
| **44.** | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ | उत्तर प्रदेश में चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का रामायण परिपथ के रूप में विकास | **69.45** | **52.17** |
| **45.** | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | तटवर्ती परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के तटवर्ती थीमैटिक परिपथ के तहत अंडमान और निकोबार में तटवर्ती परिपथ का विकास (लांग आईलैंड-रास स्मिथ आईलैंड-नील आईलैंड-हैवलॉक आईलैंड-वाराटांग आईलैंड-पोर्ट ब्लेयर) | **42.19** | **8.44** |
| **46.** | तमिलनाडु | तटवर्ती परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के तहत तमिलनाडु में तटवर्ती परिपथ का विकास (चैन्नई-मामल्लापुरम-रामेश्वरम-मानपाडु-कन्याकुमारी) | **99.92** | **49.96** |
| **47.** | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ | आध्यात्मिक परिपथ का विकास (शाहजहांपुर- बस्ती-अहर-अलीगढ़-कासगंज-सरोसी-प्रतापगढ़-उन्नाव-कौशाम्बी–मिर्जापुर-गोरखपुर-कैराना-डुमरियागंज-बागपत-बाराबंकी-आजमगढ़) | **68.39** | **54.71** |
| **48.** | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के तहत उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक परिपथ -।। का विकास (बिजनौर-मेरठ-कानपुर-कानपुर देहात-बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर-घोसी-बलिया-अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा-सोनभद्र-चन्दौली-मिश्रिख-भदोही) | **63.77** | **50.33** |
| **49.** | उत्तर प्रदेश | विरासत परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के तहत उत्तर प्रदेश में विरासत परिपथ (कालिंजर किला (बांदा)-मरहर धाम (संतकबीर नगर)-चौरी चौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर)-मावाहर स्थल (घोसी)-शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | **34.82** | **18.76** |
| **50.** | बिहार | बौद्ध परिपथ | बौद्ध परिपथ का विकास-बोधगया, बिहार में, सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण | **98.73** | **19.75** |
| **51.** | असम | विरासत | स्वदेश दर्शन योजना के तहत असम | **98.35** | **19.67** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | परिपथ | में विरासत परिपथ के रूप में तेजपुर-माजुली-सिबसागर का विकास | | |
| **52.** | हिमाचल प्रदेश | हिमालयन परिपथ | हिमालयन परिपथ का एकीकृत विकासः किरीघाट, शिमला, हटकोटी, मनाली, कांगड़ा, धर्मशाला, बीर, पालमपुर, चंबा | **86.85** | **19.95** |
| **53.** | मिजोरम | इको परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के इको परिपथ थीम के तहत "इको-रोमांचकारी परिपथ आइजवाल-रॉपुइछिप-खॉहफॉव-लेंगपुई-डर्टलॉग-चतलांग-सकव्रवमुईट्वेट-लॉग-मुथी-बेराटलॉग-तुइरियाल एयर फील्ड-मुईफॉग" का विकास | **99.07** | **49.53** |
| **54.** | राजस्थान | आध्यात्मिक परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के तहत राजस्थान में आध्यात्मिक परिपथ -चुरू (सालासर बालाजी)-जयपुर (श्री समोदे बालाजी, घटके बालाजी, बांधेके बालाजी) -अलवर (पांडुपोल हनुमानजी, भरतहरि)-विराटनगर (बीजक, जैन्नासिया, अम्बिका मंदिर)-भरतपुर (कमान क्षेत्र)-धौलपुर (मुचकुंद)-मेहंदीपुर बालाजी-चित्तौड़गढ़ (साँवलियाजी) का विकास | **93.90** | **46.95** |
| **55.** | गुजरात | विरासत परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के तहत गुजरात में विरासत परिपथ : वाड नगर-मोधेरा और पाटन का विकास | **98.61** | **79.85** |
| | | | **2016-17** का कुल | 3041.55 | **1727.09** |
| वर्ष **2017-18** | | | | | |
| **56.** | बिहार | ग्रामीण परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के ग्रामीण परिपथ थीम के अंतर्गत बिहार में गांधी परिपथः भितिहरवा- चन्द्रहिया-तुरकौलिया का विकास | **44.65** | **21.24** |
| **57.** | गोवा | तटवर्ती परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत गोवा में तटवर्ती परिपथ **II:** रूआ दि ओरम क्रीक- डोन पौला- कोलवा- बेनौलिम का विकास | **99.35** | **19.87** |
| **58.** | गुजरात | बौद्ध परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के तहत गुजरात में बौद्ध परिपथ : जूनागढ़- गिर-सोमनाथ-भड़ूच-कच्छ- भावनगर-राजकोट- मेंहसांणा का विकास | **35.99** | **7.20** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **59.** | पुदुच्चेरी | विरासत परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के तहत पुदुच्चेरी में विरासत परिपथ का विकास | **66.35** | **13.27** |
| **60.** | पुदुच्चेरी | आध्यात्मिक परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के तहत पुदुच्चेरी में आध्यात्मिक परिपथ का विकास | **40.68** | **19.26** |
| **61.** | राजस्थान | विरासत परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत राजस्थान में विरासत परिपथ: राजसमंद (कुंभलगढ़ का किला)- जयपुर (नाहरगढ़ का किला) -अलवर (बाला किला)- सवाई माधोपुर (रणथम्बौगर का किला और खण्डार किला)- झालावाड़- (गागरों का किला)- चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ का किला)- जैसलमेर (जैसलमेर का किला) - हनुमानगढ़ (कालीबंगन, भटनेर किला और गोगामेड़ी)- जलौर (जलौर का किला)- उदयपुर (प्रताप गौरव केन्द्री)- धौलपुर (बाग ई-निलोफर और पुरानी छावनी)- नागौर (मीराबाई मंदिर) का विकास। | **99.60** | **49.80** |
| **62.** | तेलंगाना | विरासत परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत तेलंगाना में विरासत परिपथ: कुतुब शाही विरासती पार्क-पैगाह का मकबरा- हयात बक्शी की मस्जिद-रेमण्ड का मकबरा का विकास। | **99.42** | **44.83** |
| **63.** | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ | स्वदेश योजना के आध्यात्मिक परिपथ थीम के तहत मंदार पहाड़ी एवं अंग प्रदेश का विकास। | **53.49** | **10.70** |
| **64.** | मध्य प्रदेश | इको परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के इको परिपथ थीम के तहत गांधीसागर बांध - मण्डलेश्वर बांध-ओंकारेश्वर बांध-इन्दिरा सागर बांध - तवा बांध-बारगी बांध- भेड़ा घाट- बनसागर बांध- केन नदी का विकास। | **99.62** | **73.56** |
| **65.** | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के रामायण परिपथ थीम के अंतर्गत अयोध्या का विकास। | **133.31** | **66.65** |
| **66.** | आंध्र प्रदेश | बौद्ध परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के बौद्ध परिपथ थीम के तहत आंध्र प्रदेश में बौद्ध | **52.34** | **10.47** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | परिपथ: शलिहुण्डम-थोटलाकोण्डा-बावीकोण्डा- बोज्जन कोण्डा - अमरावती- अनुपू का विकास। | | |
| | | | **2017-18** का कुल | **824.8** | **336.85** |
| वर्ष **2018-19** | | | | | |
| **67.** | महाराष्ट्र | आध्यात्मिक परिपथ | महाराष्ट्र में वाकी- अडासा- धापेवाड़ा- पराडसिंहा- छोटा ताज बाग- तेलानखांडी- गिराड का विकास | **54.01** | **0.00** |
| **68.** | **--** | मार्गस्थ सुविधाओं का विकास (उप-योजना) | सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश और बिहार में वाराणसी- गया; लखनऊ -अयोध्या- लखनऊ; गोरखपुर-कुशीनगर; कुशीनगर- गया-कुशीनगर में मार्गस्थ सुविधाओं का विकास। | **19.75** | **0.00** |
| **69.** | उत्तर प्रदेश | अध्यात्मिक परिपथ | उत्तरर प्रदेश में जेवर-दादरी-सिकंदराबाद- नोएड- खुर्जा-बांदा का विकास | **14.52** | **0.00** |
| **70.** | झारखंड | ईको परिपथ | झारखंड में ईको परिपथ: डालमा-चंडिल- गेतलसुद- बेतला राष्ट्रीय अभयारण्य – मिर्चैया-नेतरहाट का विकास | **52.72** | **0.00** |
| **71.** | त्रिपुरा | पूर्वोत्तर परिपथ | त्रिपुरा में पूर्वोत्तर परिपथ: सुरमा छेरा- उनाकोटी –जुम्पुई हिल्स-गुनाबाती- भुनानेश्वरी-माताबाड़ी-नीरमहल- बॉक्सानगर-छोटा खोला- पिलक- अवांगछारा का विकास | **65.00** | **0.00** |
| **72.** | पंजाब | विरासत परिपथ | पंजाब में विरासत परिपथ: आनंदपुर साहिब- फतेहगढ़ साहिब-चमकौर साहिब- फिरोजपुर- अमृतसर- खाटकर कालान- कालानौर- पटियाला का विकास | **99.95** | **0.00** |
| **73.** | केरल | ग्रामीण परिपथ | केरल में ग्रामीण परिपथ: मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास | **80.37** | **0.00** |
| **74.** | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | शिवगिरि श्री नारायण गुरु आश्रम - अरुविपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रमण्य् - चेम्बनझांति श्री नारायण गुरुकुलम का विकास | **69.47** | **0.00** |
| **75.** | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | कासारागोड, वायनाड, कन्नूर, कोझिकोड, पल्लक्काड़, मल्लपुरम, त्रिचूर, एर्णाकुलम, इडुक्की, कोट्टयम, अल्लपुझा, पथानमथिट्टा, कोल्लम, त्रिवेंद्रम का विकास | **85.23** | **0.00** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **76.** | मेघालय | पूर्वोत्तर परिपथ | पश्चिमी खासी पहाड़ियों (नॉन्गसख्लॉव - क्रेम तिरॉट - खुरोई तथा कोहमांग जलप्रपात- शिरमांग- इयूक्सीं), गारो पहाड़ियों (नेक्रिक रिजर्व, कट्टा बील, सीजु गुफाएं) का विकास | **84.97** | **0.00** |
| **77.** | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ | गोरखपुर मंदिर (गोरखपुर), देवीपाटन मंदिर (बलरामपुर) तथा वटवासिनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | **21.16** | **0.00** |
| | | | वर्ष **2018-19** का कुल | **647.15** | **0.00** |
| अब तक का कुल योग | | | | **6093.08** | **3271.57** |

******